तारीख हुक्म	हुक्म मय कार्यवाही मय इनिशियल्स जज **प्रकरण संख्या :– 83/2021** **प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 136**	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
22/3/22	पत्रावली पेश हुई। पत्रावली पर उपलब्ध राजस्व रिकार्ड एवं रिपोर्ट तहसीलदार झुन्झुनू का ध्यान पूर्वक अवलोकन किया गया। तहसीलदार झुन्झुनू ने अपनी रिपोर्ट में अंकित किया है कि ग्राम भोजासर के हाल खसरा नम्बर 652 रकबा 0.20 है0 गत खसरा नम्बर 486 रकबा 16 बिस्वा तथा खसरा नम्बर 655 रकबा 3.46 है. गत खसरा नम्बर 475/2 रकबा 13 बीघा 11 बिस्वा से बने हैं। प्रार्थीगण द्वारा वाद पत्र के संलग्न गत एवं वर्तमान नक्शा सीट की नकलों का मिलान करने पर संलग्न नक्शा ट्रेस में डौटेड लाल स्याही से दर्ज लाईनों का क्षेत्रफल गत सीट एवं वर्तमान सीट का अन्तर है। इस अनुसार प्रार्थीगण की संयुक्त खातेदारी की भूमि 655 को गत सीट के मुकाबले किये जाने पर शेष ग्राम का नक्शा भी प्रभावित होगा। प्रार्थीगण की खातेदारी भूमि के नक्शे में परिवर्तन करने पर प्रभावित काश्तकारों को भी पक्षकार बनाया जाना चाहिए था। इस प्रकार ग्राम की पुरानी सीट के मुकाबले नई सीट में आ रहे अन्तर से लगभग पुरा गांव प्रभावित होने से रि– बन्दोबस्त कराया जाना उचित प्रतित होता है बाबत रिपोर्ट प्रेषित की है। रिपोर्ट एवं पत्रावली के अवलोकन से यह तथ्य जाहिर है कि नक्शा सीट दुरूस्ती किये जाने से आस पास के अन्य खसरों का क्षेत्रफल प्रभावित होता है। इन खसरों के खातेदारों को प्रार्थना पत्र में पक्षकार नहीं बनाया गया है, जो कि प्रार्थना पत्र में आवश्यक पक्षकार हैं। अतः प्रभावित आवश्यक पक्षकारों के असंयोजन के कारण प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 136 एल आर एक्ट पोषणीय नहीं होने के कारण खारिज किया जाता है। पत्रावली फैशल शुमार होकर दर्ज नम्बर से कम हो एवं जाप्ता दाखिल दफ्तर हो। (हस्ताक्षर) उप खण्ड अधिकारी झुन्झुनू (राज.)	